# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए निगम द्वारा वितरित किया जा रहा है विभिन्न प्रकार के कम्पोस्टिंग पात्र'

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा निर्देश के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने के लिए विभिन्न प्रयास निगम प्रशासन की ओर से किए जा रहे हैं इसी परिपेक्ष में होम कम्पोस्टिंग को अपनाने के लिए निगम भिलाई के विभिन्न जोन क्षेत्र के द्वारा एक पात्र जिसमें गीले कचरे से खाद तैयार किया जा सकता है वितरित किया जा रहा है। होम कम्पोस्टिंग अपनाने वालों में संत रविदास नगर से नरेंद्र वर्मा, बलदाऊ डीपी तिवारी, सुंदर नगर से दुर्गाबाई चौधरी, पंकज त्रिपाठी, निशा सिन्हा, जुनवानी से अजय यादव, सुंदर नगर से श्रीकृष्ण मुरारी, श्याम नगर से राजेश यादव, प्रगति नगर से भगवती बाई वर्मा, आर्य नगर कोहका से भूषण लाल, साकेत नगर से मनीष कुमार सहित विभिन्न नागरिकों ने अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे से खाद तैयार करना प्रारंभ कर दिया है। आयुक्त एसके सुंदरानी ने बताया कि होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य विभिन्न तरह के होम कम्पोस्टिंग के पात्र वितरित किए जा रहे हैं ताकि जीरो वेस्ट की संभावना बढ़ जाए यदि सभी अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे का निपटारा घर मे ही करने लग जाए तो निश्चित रूप से भिलाई कचरा मुक्त शहर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।



## मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र के दुकानों को किराएदारी पर किया जाएगा आबंटन'

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई 18 से 40 वर्ष के हितग्राहियों से विभिन्न स्थलों पर रिक्त 60 दुकानों को किराएदारी पर संवर्गवार आबंटन किया जाना है। नेहरू नगर में विधवा/ परित्यक्ता कोटा के अंतर्गत 01 दुकान, राधिका नगर - अनु.जाति 01, घासीदास नगर/हाउसिंग बोर्ड (20 दुकान) में भूतपूर्व सैनिक 01, स्व. संग्राम सेनानी 01, वैशाली नगर पिछड़ा वर्ग 01, जवाहर नगर कॉलोनी- 01 अ.ज.जा, 02अ.जा., 04 अन्य पिछड़ा वर्ग, मदर टैरेसा नगर - भूतपूर्व सैनिक 01, अर्जुन नगर - 01 अजजा, 01 अ.जा, 01 अन्य पिछड़ा वर्ग, 01 शि. बेरोजगार, 01 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संतोषी पारा- अ.ज.जा. 01, अजा 01, अन्य पिछड़ा वर्ग 01, महिला 01, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 01, कुरूद - 01 अ.जा., गौतम नगर - 01 अ.जा, 02 अन्य पिछड़ा ,03 सामान्य वर्ग ,01 भूतपूर्व सैनिक, 01 शि. बेरोजगार, दीनदयालपुरम खुर्सीपार - 03 अ.ज.जा. ,03 अ.जा., 01 अन्य पिछड़ा वर्ग, 04 सामान्य ,02 विधवा/परित्यक्ता, 01 भूतपूर्व सैनिक ,01 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जवाहर नगर एम.आर. 9 - 03 अ.ज.जा. 04 अ.जा., 03 विधवा/परित्यक्ता, 01 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा घासीदास नगर (10 दुकान) में 01 अ.ज.जा. ,01 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दुकान आबंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में दिनांक 16 जनवरी 2019 तक आमंत्रित किया गया है!

आवेदक को अपने साथ शपथ पत्र, गरीबी रेखा कार्ड, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आयु संबंधी प्रमाण पत्र तथा तहसीलदार द्वारा प्रदत्त एक लाख से कम आय का प्रमाण पत्र निर्धारित आवेदन में आवेदित स्थल का नाम का उल्लेख करते हुए अमानत राशि रु. 1000/- निगम कोष में जमा करना होगा।

दुकान का आबंटन नियमानुसार लॉटरी द्वारा किया जाएगा । आवेदक को दुकान आवंटन नहीं होने की स्थिति में आवेदक अमानत राशि वापसी हेतु रसीद की मूल प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। दुकानों के आवंटन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के योजना विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

**लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में सभी शिकायतों के निवारण करे**

भिलाईनगर/ समय सीमा की बैठक में नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक लेकर कलेक्टर टीएल, जनदर्शन, जन शिकायत निवारण, पीएमओ पीजी पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए समय सीमा में सभी शिकायतों के निवारण हेतु सक्त निर्देश दिये। इसमे सभी जोनों में शिकायत पेटी रखे जाने और प्रत्येक सोमवार को 11.00 से 1.00 बजे तक जनदर्शन आयोजित करने के निर्देश की समीक्षा की। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल हेतु आवश्यक टैंकरों और टेण्डर की प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कर संधारण योग्य टैंकरों को संधारित करने एवं टैंकरों का रंग रोगन करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार क्लोरिन युक्त जल को उद्यानों की सिचाईं में प्रयुक्त नहीं करते हुए इसके लिए विशेष प्रकार के ग्रीन टैंकरो का उपयोग करते हुए कुंए और बावड़ियों के जल को सफाई करते हुए उपयोग में लाया जाना सुनिश्चत करें। भवनों और उद्यानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य समुचित रुप से सम्पन्न करें। इसी प्रकार शत्-प्रतिशत एलईडी लक्ष्य के पुरा हो जाने के कारण प्रकाश व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही न रहे सघन मानिटरिंग द्वारा इसे सुनिश्चित करें। जो वाटर एटीएम स्थापित किये जा चुके हैं उनमें जल उपलब्धता और विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण कर जल उपलब्धता की समुचित व्यवस्था ग्रीष्मकाल के प्रारम्भ होने से पूर्व करें।



## दुर्ग, भिलाई अरबन पब्लिक ट्रान्सपोर्ट सोसायटी के प्रबंधकारिणी की बैठक

भिलाईनगर/ दुर्ग, भिलाई अरबन पब्लिक ट्रान्सपोर्ट सोसायटी के प्रबंधकारिणी की बैठक में दुर्ग जिले के विभिन्न मार्गों पर सिटी बस चलाये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों सभा समितियों एवं नागरिकों से प्राप्त सुझाव के आधार पर 04 नये रुट एवं अन्य विभिन्न रुटों पर बस चलाये जाने की अनुशंसा कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर सभागार कक्ष में आयोजित प्रबंधकारिणी की बैठक में 05 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें दुर्ग से उतई व्हाया धनोरा, खम्हरिया, पुरई, रुट के लिए, रेलवे स्टेशन दुर्ग, पावर हाउस से विश्व विद्यालय परिसर रुट पर आने जाने, दुर्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड से टेक्नालाजी सेंटर बोरई रसमड़ा (नया रुट), दुर्ग से लिटिया चौक व्हाया, चिखली, जेवरा सिरसा, समोरा, रवेलीडीह, ननकट्टी, दनिया, बोरी, लिटिया चौक (नया रुट), दुर्ग से लिटिया व्हाया चिखली नगपुरा, सेवती, हिर्री, हसदा, लिटिया चौक (नया रुट), दुर्ग रेलवे स्टेशन से कोहका, व्हाया स्मृति नगर, पावर हाउस से भिलाई-03 व्हाया हथखोज (नया रुट), रुट पर सिटी बस के फेरे लगाने के लिए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की घोषणा के साथ ही मंत्री रविन्द्र चौबे सहित विभिन्न संस्था के लोगों ने सांसद ताम्रध्वज साहू एवं जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये थे जिसपर प्रबंधकारिणी के सदस्यों ने प्रस्तावित नये रुट के लिए रुट नोटिफिकेशन हेतु शासन को पत्र लिखे जाने की अनुशंसा की है। प्रियदर्शनीय परिसर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास डिपो/टर्मिनल के शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने के लिए शासन को पत्र लिखे जाने की अनुशंसा की है। दुर्ग भिलाई अरबन पब्लिक ट्रान्सपोर्ट सोसायटी का प्रचलित वित्तीय वर्ष 2018 से 2020 में लेखा परीक्षण हेतु आगामी 3 वर्ष के लिए सोसायटी को चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट के लिए निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की। बैठक में प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष प्रभारी जिलाधीश के0एल0 चौहान, सदस्य आयुक्त नगर निगम भिलाई एस0के0 सुंदरानी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश्वर साहू, आयुक्त भिलाई-03 चरोदा चंदन कुमार शर्मा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत परपोड़ी कुराजमणी अनुराधा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत देवकर आर0के0 बंजारे, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत साजा अश्वनी चन्द्राकर नोडल अधिकारी नगर निगम भिलाई डी0के0 वर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## महापौर के निर्देश पर स्वास्थ्य प्रभारी ने बुलाई आपात बैठक

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र के निर्देश पर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू द्वारा स्वाईन फ्लू एवं डेंगू के रोकथाम हेतु आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। सुअर पालकों से अपील की गई कि वे अपने सुअरों को सुअर पालन के निर्धारित स्थान पर ही रखें अन्यथा आवारा घुमते हुए सुअरों पर की गई जब्ती की कार्यवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे साथ ही सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों, स्वास्थ्य सहायकों, मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर सर्वेक्षण कार्य करें तथा इसकी जानकारी निगम के साथ-साथ क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रो को भी उपलब्ध करावें। और जन जागरण हेतु पाम्पलेट, बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर हर हालात में रोग नियंत्रण के प्रयास सतत् जारी रखें।



## महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर चिन्हित वार्डों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन

भिलाईनगर/निगम क्षेत्रान्तर्गत दो संभावित डेंगू मरीज श्यामबाई पति सुन्दर लाल सिन्हा उम्र 45 निवासी यादव किराना स्टोर्स के पास, कुम्हारपारा जे0पी0 नगर वार्ड-23 को बार-बार बुखार आने से 22 जनवरी को जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती किया गया है, जहां उपचार जारी है। चिन्टू गुप्ता पिता विनय गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी राजधानी किराना के पीछे वार्ड-21 गुरुद्वारा के पास 22 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती हुआ अभी उपचार जारी है। 23 जनवरी को उपरोक्त दोनों प्रभावित परिवार के निवास के 300 मीटर परिधि क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर अन्य संहेदास्पद मरीजों की जानकारी ली गई कोई संभावित डेंगू मरीज नहीं मिला। कूलर, टायर, टुकी, बर्तन, गमले इत्यादि जांचकर सफाई कराई गई। वार्ड 21 सुन्दर नगर में 345 घरों में संपर्क कर जन जागरुकता हेतु क्रमशः 230 एवं 350 कुल 580 स्वाईन फ्लू/डेंगू से बचाव/सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण किया गया। नालियों के जमाव पानी एवं गन्दे स्थानों पर 5 स्प्रेयर पम्प द्वारा 2000 एम.एल. मैलाथियान के घोल का छिड़काव करवाया गया। निगम के विशेष स्वास्थ्य शिविर दल द्वारा प्रभावित वार्ड/मोहल्लों में चलित एम्बुलेंस के माध्यम से शिविर लगाकर शिविर में आये 89 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त-03, उल्टी-01, बुखार-05, अन्य-80) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित पांचो मरीजों का रक्त पट्टिका तैयार कर खुन जांच हेतु लैब भेजा गया। 06 ओ.आर.एस. का पैकेट वितरण किया गया।



## स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर को अच्छा प्रतिसाद

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई जिला स्वास्थ्य विभाग एवं अनेक समाजसेवी संगठनों तथा निजी चिकित्सकों के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श सांस्कृतिक क्रीडा मण्डल दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर में जो सुबह 10.00 से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित थी। विभिन्न प्रकार के मौसमी एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित 188 व्यक्तियों ने मुफ्त चिकित्सकीय परीक्षण का लाभ उठाया। इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की गाईनीकोलाजिस्ट डा0 पूर्णिमा भगतकर, रीता चौधरी, डा0 बी. बालकृष्णा, डा0 सोहेल जैन, डा0 देवेन्द्र बेलचंदन, डा0 सतीष चन्द्राकर, डा0 रीना नायक, डा0 रश्मि बेलचंदन तथा आशीर्वाद ब्लड बैंक, सनसाईन हास्पिटल, व्ही.वाई. हास्पिटल, रेड ड्राप छ0ग0, जनस्वास्थ्य विभाग नगर पालिक निगम, भिलाई, एक्वाप्रेसर विशेषज्ञ बलजीत सिंह और मधु साहू, स्वदेश बाबर, होमेन्द्र बेलचंदन, भूषण लाल साहू, दुष्यंत शर्मा, दीपक यादव, केयूर देवांगन, सहित अनेक चिकित्सा सेवा से जुड़े हुए अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर परिषद के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, पर्यावरण मित्र मण्डल के सदस्यगण, मयारु संगवारी ग्रुप के सदस्य, ओजस महिला मण्डल रिसाली के सदस्य, और आदर्श सांस्कृतिक क्रीडा मण्डल के सदस्य, वार्ड 60 के पार्षद चुम्मन देशमुख उपस्थित रहें।



# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को भी बिदाई समारोह में आमंत्रित करने से उनके परिवार को गौरव महसूस होगा कि हमारे परिवार का मुखिया नगर निगम के इस वृहद स्वरुप निर्माण में अपनी जीवन के अमूल्य क्षण समर्पित किये हैं। महापौर परिषद के सदस्य श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम सभागार में आयोजित 7 कर्मचारियों के बिदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। भिलाई निगम में कार्यरत् बेनी प्रसाद वाहन चालक, आद्या शंकर सिंह पम्प सहायक, बसंत कुमार ताम्रकर सहायक मेकेनिक, श्रीमती फुलमणी भृत्य, श्रीमती कमला बाई माली, श्रीमती तुलसी बाई, एवं श्रीमती बैसाखिन बाई सफाई कामगार को गुरुवार को शाम 5.00 बजे निगम सभागार में श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा ने शाॅल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, एवं सेवानिवृत्त की राशि प्रदान कर बिदाई दी। इस अवसर पर जीवन वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, रामेश्वर चन्द्राकर, वकील अहमद, कृष्णा देशमुख, संजय शर्मा, अरुण सिंह, श्यामलाल मांझी, शिव शर्मा, श्रीमती संध्या कोर्डे, तुलसी, श्रवण ठाकुर, भूपेश्वर देशमुख, शिव कुमार देशमुख, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई